GSEB Std 9 Hindi Textbook Solutions Chapter 20 धरती की शान

Std 9 GSEB Hindi Solutions धरती की शान Textbook Questions and Answers

स्वाध्याय

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :

प्रश्न 1. कवि की दृष्टि में सर्वाधिक महान कौन है. ?
उत्तर :
कवि की दृष्टि में सर्वाधिक महान मनुष्य है।

प्रश्न 2. आप क्या-क्या कर सकते हैं. ?
उत्तर :
एक विद्यार्थी होने के नाते मैं अच्छे से अच्छा इन्सान बनकर वे सारे काम कर सकता हूँ जो मेरे कार्य-क्षेत्र में आते हैं।

प्रश्न 3. अन्य जीवों से मनुष्य महान कैसे है. ?
उत्तर :
अन्य जीवों से मनुष्य महान है। अन्य जीव अब भी बहुत पिछड़े हैं जबकि मनुष्य ने जल, थल और नभ पर अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया है।

प्रश्न 4 धरती-सा धीर किसे कहा गया है ?
उत्तर :
धरती-सा धीर मनुष्य को कहा गया है।

प्रश्न 5. धरती की शान कविता के रचयिता कौन हैं. ?
उत्तर :
'धरती की शान' कविता के रचयिता पंडित भरत व्यास हैं।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सविस्तार लिखिए :

प्रश्न 1. कविता में कवि ने किन प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण किया है. ? कैसे ?
उत्तर :
कवि ने कविता में पहाड़, नदियों, धरती, आकाश, हवा जैसे प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण किया है। कवि ने मनुष्य को असीम शक्तियों से संपन्न बताया है। वह कहता है कि मनुष्य चाहे तो पर्वतों को फोड़ सकता है। वह चाहे तो नदियों के प्रवाह को मोड़ सकता है। वह अगर ठान ले तो धरती और

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

आकाश को जोड़ भी सकता है। मनुष्य पवन-सा गतिमान है। इसलिए वह आकाश में ऊंची-से ऊंची उड़ान भरने में समर्थ है।

प्रश्न 2. प्रस्तुत कविता में मनुष्य के प्रति किस भाव की अभिव्यक्ति हुई है, और उससे हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?

उत्तर :

'धरती की शान' कविता में मनुष्य को सर्वशक्तिमान बताया गया है। उसकी आत्मा परमात्मा का रूप है। इस दृष्टि से मनुष्य अजरअमर प्राणी है। इससे हमें यह प्रेरणा मिलती है कि मनुष्य होने के कारण हमें अपने लक्ष्य ऊँचे रखने चाहिए। हमें किसी काम को पहचानकर कठिन-से-कठिन कार्य करने में पीछे नहीं हटना चाहिए। हमें निराशा का शिकार होकर अपनेआप को कभी अशक्त नहीं अनुभव करना चाहिए।

प्रश्न 3. धरती की शान से कवि का क्या तात्पर्य है ? भाव स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर :

'धरती की शान' से कवि का तात्पर्य मनुष्य की गौरवपूर्ण उपलब्धियाँ हैं। मनुष्य ने अपने बुद्धिबल से ऐसे अनेक कार्य कर दिखाए हैं, जो कभी असंभव माने जाते थे। मनुष्य ने सभ्यता और संस्कृति के ऊँचे आदर्श कायम किए हैं। उसने धरती पर के सभी प्राणियों में अपने को सर्वश्रेष्ठ साबित कर दिया है। इसलिए कवि मनुष्य को 'धरती की शान' मानता है।

प्रश्न 4. मनुष्य के लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं है काव्य के आधार पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।

उत्तर :

मनुष्य अत्यंत समर्थं प्राणी है। वह चाहे तो पहाड़ों को फोड़ सकता है। वह चाहे तो नदियों के प्रवाह की दिशा बदल सकता है। वह मिट्टी से अमृत निचोड़ सकता है। वह चाहे तो काल को भी रोक सकता है। इस प्रकार मनुष्य हर असंभव कार्य को संभव बना सकता है।

प्रश्न 5. धरती की शान कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

उत्तर :

'धरती की शान' कविता में कवि ने मनुष्य को धरती का 'सर्वशक्तिमान प्राणी' बताया है। कवि के अनुसार मनुष्य में अनेक प्रकार की शक्तियां छिपी हुई हैं। मनुष्य अपनी इन शक्तियों को नहीं पहचानता। इसीलिए वह असहाय बन जाता है। सच यह है कि मनुष्य महाकाल बन सकता है। उसकी आवाज युग बदल सकती है। वह चाहे तो ऊँची-से ऊँची उड़ान भर सकता है। इस प्रकार कविता का केन्द्रीय भाव मनुष्य को अपनी शक्तियों को पहचानने के लिए प्रेरित करना है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

3. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए :

प्रश्न 1.
गुरु-सा मतिमान,
पवन-सा तू गतिमान,
तेरी नभ से भी
ऊँची उड़ान है रे ।
उत्तर :
मनुष्य के पास बुद्धि की कमी नहीं है। उसके पास बृहस्पति जैसी प्रतिभा है। वह वायु जैसी गति रखता है। वह चाहे तो आकाश से भी ऊँचा उठ सकता है। कवि कहना चाहता है कि यदि मनुष्य अपने अंदर छिपी शक्तियों को जाग्रत कर ले तो उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

प्रश्न 2.
धरती की शान,
तू भारत की संतान
तेरी मुढ़ियों में
बंद तूफान है रे
उत्तर :
प्रत्येक भारतवासी महान है। उसमें अनंत शक्तियाँ छिपी हुई है। वह अपने आपमें तूफान जैसी शक्ति रखता है। वह चाहे तो उसकी उपलब्धियाँ धरती का गौरव बन सकती हैं।

4. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए :

प्रश्न 1.

1. **भूचाल**
2. **हिमगिरि**
3. **वाणी**
4. **तूफान**
5. **अमृत**
6. **धीर**
7. **हिम्मत**
8. **नभ**
9. **निज**

उत्तर :

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

1. भूकंप
2. हिमालय
3. वचन
4. कहर
5. सुधा
6. धैर्ययुक्त
7. वीरता
8. आकाश
9. अपना

5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

प्रश्न 1.

1. **अमृत**
2. **अम्बर**
3. **अमर**
4. **धीर**
5. **वीर**
6. **पाप**
7. **जीवन**

उत्तर :

1. जहर
2. धरती
3. मर्त्य
4. अधीर
5. कायर
6. पुण्य
7. मृत्यु

6. सही विकल्प चुनकर लिखिए :

प्रश्न 1. तू जो चाहे. पर्वत पहाड़ों को....

(अ) मोड़ दे

(ब) फोड़ दे

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(क) तोड़ दे
(ड़) जोड़ दे
उत्तर :
(ब) फोड़ दे

प्रश्न 2. पृथ्वी के लाल तेरा हिमगिरि-सा
(अ) हाल
(ब) भाल
(क) काल
(ड) मिसाल
उत्तर :
(ब) भाल

प्रश्न 3. .... को तू जान, जरा शक्ति पहचान
(अ) निज
(ब) स्वयं
(क) खुद
उत्तर :
(अ) निज

प्रश्न 4. तू जो अगर हिम्मत से .... ले
(अ) दान
(ब) जान
(क) काम
(ड) पहचान
उत्तर :
(क) काम

7. काव्य-पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :

प्रश्न 1. धरती .... महान है. ।
उत्तर :
धरती की शान तू भारत की संतान,
तेरी मुड़ियों में बंद तूफान है रे,
मनुष्य तू बड़ा महान है।।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न 2. तू जो ………….. उड़ान है. रे।

उत्तर :

तू जो अगर हिम्मत से काम ले,
गुरु-सा मतिमान, पवन-सा तू गतिमान,
तेरी नभ से भी ऊंची उड़ान है रे।।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in